**पाठ्यक्रम**

कक्षाः पाँचवीं

हिंदी (प्रथम भाषा)

मौखिक अभिव्यक्ति :

1. रेडियो या रेडियो से स्कूलों के लिए प्रसारित किए जाने वाले कार्यक्रम को ध्यान से सुनकर अलग–अलग कार्यक्रमों में भेद कर सकेः
2. सुनने या पढ़ने के बाद पठित सामग्री पर कुछ पूछ सके या पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे सकेः
3. उचित शिष्ट–रीति से (सभा समाज की रीति से) भाषा के शिष्ट (विनीत) रूप में बात कर सकेः
4. वाद–विवाद में भाग ले सके और बातचीत को नाटकीय रूप दे सकेः
5. हिंदी के सूक्ष्म अन्तर वाले शब्दों के उच्चारण में भेद कर सकेः
6. सही उच्चारण, स्वर–शैली, गति और सरलता से हिंदी भाषा का मानक रूप बोल सके।
7. जीवन की साधरण झाँकियों की नकल उतारनी या छोटे–छोटे नाटकों में अभिनय करनाः
8. उचित गति और बोली के बीच ठहराव, बल, हाव–भाव, आदि का सही प्रयोग और बोलते समय मानक बोली का प्रयोग।

पढ़ाई :

विद्यार्थी में निम्नलिखित योग्यताओं का विस्तार करनाः

1. सही उच्चारण, स्वर–बल और स्वर–शैली और विराम चिह्न के प्रति पूर्ण सावधनी का प्रयोग करते हुए गति से प्रभावशाली ढंग द्वारा बोलकर पढ़ सकेः
2. वांछित गति और पूरी तरह समझते हुए मुँह में ही पढ़ने का अभ्यास करेः
3. कम से कम 2–3 पूरक रीडर पढ़ सकेः
4. मनोरंजन के लिए चुनी हुई रचनाओं को पढ़ सकेः
5. 350 से 400 तक नए शब्द सीख सकेः
6. शब्दकोश का प्रयोग करना सीख सके।

लिखाई :

विद्यार्थी में निम्नलिखित योग्यताओं का विस्तार करनाः

1. शब्दों, वाक्यों और अनुच्छेदों का श्रुतलेख उचित गति और शुद्धता से लिख सकेः
2. लिखते समय पूर्ण विराम, अर्थ विराम, प्रश्नवाचक चिह्न और विस्मयादिबोधक
3. पाठ्य–पुस्तक के पाठों में से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिख सकेः

4. संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, लिंग और वचन की पहचान कर सके तथा लिखते समय इनका प्रयोग कर सके।

5. चित्रा देख कर कुछ वाक्य लिख सकें:

6. संक्षिप्त कहानियाँ जैसेः कछुआ और खरगोश, चालाक लोमड़ी, दो बिल्लियाँ और बंदर,टोपियों वाला और बंदर

7. प्रार्थना पत्र/ पत्र आदि लिख सकेः

पत्रः

विवाह में सम्मिलित होने के लिए मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र।

जुर्माना माफी के लिए प्रार्थना पत्र।

बीमारी के कारण अवकाश लेने हेतु प्रार्थना पत्र।

ज़रूरी काम के लिए प्रार्थना पत्र।

8. सरल विषयों पर अपने शब्दों में 80–100 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखनाः

लेखः

मेरा प्रिय त्योहार

मेरे पिता जी

मेरा प्रिय खेल

स्वच्छ भारत

प्रातःकाल की सैर

हमारे पड़ोसी

पाठ्य–पुस्तक : हिंदी पुस्तक–5
पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित